भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1869**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**हैवलॉक स्क्वायर, नई दिल्ली में ट्रैफिक जाम होना**

**†1869. श्री शिव प्रताप शुक्ल :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट हुआ है कि सेन्ट्रल दिल्ली के हैवलॉक स्क्वायर स्थित रेडलाइट पिछले दस वर्षों से खराब है और इस संबंध में किसी शहरी ने संबंधित पुलिस प्राधिकारियों को ई-मेल भी भेजा है;

(ख) क्या यह भी सच है कि कथित स्थान पर कई स्कूल हैं और रेडलाइट के खराब होने और यातायात पुलिस को पर्याप्त संख्या में तैनात नहीं किए जाने के कारण दिन के समय में वहां अत्यधिक ट्रैफिक जाम लग जाता है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हंसराज गंगाराम अहीर)**

**(क) से (ग) : दिल्ली पुलिस द्वारा यथा-सूचित, हैवलॉक स्क्वायर (आरएमएल अस्पताल के पीछे, नजदीक गोल मार्केट) पर लगाई गई दो ट्रैफिक ब्लींकर लाइटों के कार्यकरण की स्थिति निम्नानुसार है:-**

**i) आरएमएल रेड लाइट और जीपीओ के बीच हैवलॉक स्कूल और एन.पी. को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नजदीक हैवलॉक स्क्वायर पर ब्लींकर लाइट कार्यरत है । बच्चों के 'ड्रॉप ऑफ' और 'पिक अप' समय के दौरान रोजाना भीड़-भाड़ रहती है, जिसके लिए पर्याप्त कर्मचारी तैनात किए गए हैं।**

**.........2/-**

<u>राज्य सभा अता० प्र० सं० 1869</u>

ii) कालीबाड़ी मार्ग क्रॉसिंग पर केन्द्रीय विद्यालय, गोल मार्केट के नजदीक लगाई दूसरी ब्लींकर लाइट जो पूर्व में कार्यरत नहीं थी, अब ओवरहेड केबल के जरिए कार्यरत कर दी गई है।

दिल्ली पुलिस ने यह भी सूचित किया है कि इस क्षेत्र में यातायात को सुचारु करने के लिए 07 यातायात पुलिसकर्मी तैनात किए जाते हैं।

*****